## एक नजर में

### जिले के सभी पीएम श्री शालाओं में मापदंड अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग ने जिले की सभी 9 पीएम श्री शालाओं के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सभी प्राचार्यों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी एवं संबंधित स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने निर्देश दिए कि सभी पीएम श्री विद्यालयों में शासकीय मापदंडों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस संबंध में भारत सरकार के केंद्रीय दल द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण भी किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उपलब्ध बजट का पूर्ण एवं प्रभावी उपयोग करते हुए अधूरी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। पीएम श्री विद्यालयों में प्रवेश द्वार (गेट), नाम पट्टिका (बोर्ड), कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशालाएं (फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी), पुस्तकालय, इंटरनेट सुविधा, विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण, खेल मैदान, खेल शिक्षक, ग्रीन स्कूल फीचर तथा स्कूल इनोवेशन से संबंधित व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था हो, जो भी कमियां चिन्हित हों, उन्हें निर्धारित बजट के अंतर्गत शीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक में सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि वे विद्यालयों की व्यवस्थाओं का स्वमूल्यांकन कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें।

### भानपुरा सांस्कृतिक भवन में पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में 25 दिवसीय योग शिविर प्रारंभ



**भानपुरा।** नगर भानपुरा श्री आध्यगुरु शंकराचार्य मठ के सांस्कृतिक भवन में 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण एवं इंटीग्रेटेड योग चिकित्सा ध्यान शिविर का आयोजन रविवार 15 फरवरी की प्रार्थना 6:30 बजे से प्रारंभ किया गया। योग शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ तथा योग शिक्षक मनीष परिहार, अशोक कुमार गुप्ता तथा ब्रज मोहन सोनी, प्रेस क्लब अध्यक्ष लालचंद रुद्रवाल व राजेश सोनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। योग शिविर में बड़ी संख्या में नगर भानपुरा के योग प्रेमियों ने भाग लिया। जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति मनीष परिहार ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से योग चिकित्सा शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के निर्देशानुसार विभिन्न योग व्यायाम ध्यान पंचकर्म एक्यूप्रेशर जलनती सूत्र नीति अष्टांग योग आयुर्वेद का प्रशिक्षण दिया जाएगा योग शिविर के बाद प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया जाएगा। साथ ही योग के मूल सिद्धांत, आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, शरीर रचना विज्ञान एवं क्रिया, संगठन सूत्र, दैनिक दिनचर्या, वेद पुराण, उपनिषद, गीता दर्शन, योग दर्शन, हठयोग, ध्यान, मुद्रा, यज्ञ, आहार चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा, जैविक खेती आदि की सतत 25 दिवसीय योग शिविर के दौरान जानकारी प्रदान की जाएगी।

# महिला भक्त मित्र मंडल समिति ने उत्साहपूर्वक मनाया सातवां महाशिवरात्रि पर्व

- हल्दी रस्म, मेहंदी रस्म, महिला संगीत और महादेव की बनोली ढोल-डीजे की थाप पर नगर भ्रमण पर निकली



**मंदसौर।** द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर स्नेह नगर, मंदसौर पर महिला भक्त मित्र मंडल समिति ने मंदिर स्थापना (11 जुलाई 2019) से अब तक सातवीं बार महाशिवरात्रि पर्व बड़े धूमधाम से मनाया। इसमें हल्दी रस्म, मेहंदी रस्म, महिला संगीत और महादेव की बनोली ढोल-डीजे की थाप पर नगर भ्रमण पर निकली, जिसका जगह-जगह आम भक्तों ने बारात व बारातियों का स्वागत-सत्कार किया।

स्नेह नगर के आशुदेव मंदिर पर कमलेश मेहता ने परिवार व मित्रों सहित स्वागत किया। मंदिर के वरिष्ठ सदस्य ओ.पी. मिश्रा ने अपने निज निवास पर बारात का स्वागत कर सभी बारातियों को स्वल्पाहार कराया, जहाँ भक्त झूम उठे।

तत्पश्चात बारात मंदिर परिसर पहुँची, जहाँ पारंपरिक रीति-रिवाज से शिव-पार्वती ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर विवाह की रस्म पूर्ण की। दिनांक 15 फरवरी 2026 को प्रात:काल से ही सैकड़ों महिलाओं ने महादेव का जलाभिषेक किया। 11 बजे बाद समिति ने पंडित श्री सत्यनारायण शर्मा (अमलावद वाले) के सान्निध्य में अभिषेक व हवन विधि-विधान से 4 जोड़ों द्वारा कराया। इसके पश्चात अभिनंदन निवासी राहुल चौधरी ने सपत्नीक महादेव का अद्भुत, अलौकिक व मनमोहक श्रृंगार किया।

रात्रि 8 बजे सायं कालीन आरती में भक्तों की भारी भीड़ रही। उत्सव आरती के पश्चात हजारों भक्तों को दूध की ठंडाई एवं साबूदाने की खिचड़ी वितरित की गई। इस दौरान भक्तों ने आगामी शिखर कलश स्थापना पर होने वाले भंडारे के लिए खुले मन से सामग्री की घोषणा की, जिससे 70 प्रतिशत भंडारे की व्यवस्था पूर्ण हो गई। प्रसादी में आने वाले भक्तों ने मंदिर में स्थापित चमत्कारी महादेव प्रतिमा के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। उत्सव में आए शिव भक्तों ने महिला भक्त मित्र समिति एवं कार्यकर्ताओं की व्यवस्थाओं की जमकर प्रशंसा की। भक्तों ने शालीनता से कतारबद्ध होकर प्रसाद लिया, जिससे कहीं भी धक्का-मुक्की नहीं हुई।

### 251 लीटर दूध की ठंडाई व 151 किलो साबूदाने की खिचड़ी वितरित

प्रसादी में पूर्व निर्णयानुसार 251 लीटर दूध की ठंडाई व 151 किलो साबूदाने की खिचड़ी वितरित की गई। प्रसाद वितरण का सिलसिला रात्रि 8 से 11 बजे तक निर्बाध चला। इस आयोजन में महिला मित्र मंडल समिति की सलाहकार सदस्य अरुण मिश्रा, अध्यक्ष नीलम शर्मा, उपाध्यक्ष ज्योति भीरमा, लता लोहार, कोषाध्यक्ष भावना शर्मा, सचिव राखी त्रिवेदी, सहसचिव उषा शर्मा, मंदिर मीडिया प्रभारी किरण शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य पुष्पा शर्मा, आशा शर्मा, अनुसूया टेलर, ज्योति भाटी, गायत्री माहेश्वरी, गिरिजा पाटीदार, रानी शर्मा, पूनम सेठिया आदि ने सभी कार्यकर्ताओं, दानदाताओं और भक्तों का आभार व्यक्त किया।



## गेहूं उपार्जन अंतर्गत तकनीकी समस्या को तुरंत दूर करने के दिए निर्देश

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि गेहूं उपार्जन कार्य में आ रही तकनीकी समस्याओं का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही सत्यापन कार्य पटवारी एवं तहसीलदार द्वारा समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए गए कि सभी विभाग ए ग्रेड में बने रहें।

शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई की जाएगी। पीएचई विभाग को निर्देशित किया गया कि पेयजल निर्माण के पूर्ण कार्यों का तत्काल हैंडओवर किया जाए तथा शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। कृषि विभाग को प्रत्येक साप्ताहिक बैठक में एग्री स्टेट की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।

**एक नजर** ▶ स्वागत यात्रा भारत माता चौराहा से प्रारंभ होकर विभिन्न चौराहों व गृह ग्रामों तक निकाली

## सेवानिवृत्त हुए हवलदार बद्रीलाल सूर्यवंशी का भव्य स्वागत



**मंदसौर।** मंदसौर नगर की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं शहर के समाजसेवियों द्वारा भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए हवलदार बद्रीलाल सूर्यवंशी का हुआ भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। स्वागत यात्रा भारत माता चौराहा से प्रारंभ होकर विभिन्न चौराहों व गृह ग्रामों तक निकाली गई, जहां नागरिकों, स्कूल स्टाफ व बच्चों ने पुष्पवर्षा कर सैनिक का स्वागत किया पूर्व सैनिक परिषद द्वारा साफा, श्रीफल व माला पहनाकर सम्मान किया गया शहर एवं नगर के समाज सेवियो ने भी बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ बढ़-चढ़कर स्वागत सम्मान किया वहीं सेवानिवृत सैनिक के नगर क्षेत्र ग्राम में सभी नगर वासियों ने पलक पाउडर बिछाए सैनिक का पुष्प वर्षा एवं माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। सेवानिवृत्ति सैनिकों ने स्वागत रैली में चलते हुए शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण किया।

समाजसेवी विनय दुबेला ने कहा कि मंदसौर की धरा वह धरा है जहां प्रत्येक सैनिक का स्वागत होता है और यह क्रम रुकना नहीं चाहिए आज मैं सभी से निवेदन करूंगा कि आप सभी अपनी फेसबुक और अन्य साइट पर सैनिक के स्वागत सम्मान की पोस्ट जरूर चलाएं सैनिक का स्वागत हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात है। संगठन उपाध्यक्ष नरेंद्र खटवड़ ने अपने संबोधन में कहा कि एक सैनिक अपने देश की दुर्गम एवं बर्फीली चोटियों पर सीमाओं पर दुश्मनों से लड़ता है वही घर और परिवार की समस्याओं से जुझते हुआ उसका भी निराकरण करता है और सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रहता है ग्राम बोलखेड़ा निवासी सैनिक बद्रीलाल सूर्यवंशी, 22 वर्षों की निस्वार्थ राष्ट्रसेवा पूर्ण कर गृह आगमन पर नगरवासियों ने उनका अभिनंदन किया।

# नीमच


## एक नजर में

### श्री आनंदेशवर महादेव की हुई प्राण-प्रतिष्ठा, अर्धनारीश्वर के रूप में दिए दर्शन



**नीमच।** महाशिवरात्री के पावन पर्व पर श्री शक्ति नगर विस्तार, शक्तिधाम में श्री आनंदेश्वर महादेव मंदिर में पंचदिवसीय शिव महारुद्र प्राण-प्रतिष्ठा पंचकुंडीय महायज्ञ पूरे भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ। पं. योगेंद्र जी पुरोहित, पं. श्री जय प्रकाश जी शास्त्री, पं. नरेंद्र जी शास्त्री (नीमच), पं. शिव शर्मा (रतलाम) एवं पं. श्री पंकज जी शर्मा (मंदसौर) द्वारा महायज्ञ एवं वेद मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा अभिजित मुर्हत में करवायी गयी। महायज्ञ में पंद्रह जोड़ो द्वारा आहुतियाँ दी गयी एवं मंदिर में श्री महादेव, माता पार्वती, श्री गणेश भगवान, श्री कार्तिकेय भगवान एवं नंदी महाराज की पूर्ण विधी विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गयी एवं अर्धनारीश्वर के रूप में भोलेनाथ की भव्य एवं आकृषक श्रृंगार किया गया। भक्तों के लिए भोजन प्रसादी, फलाहारी प्रसादी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन लाभ प्राप्त किया। आयोजन समिति ने सभी भक्तों को मंदिर निर्माण में तन-मन-धन से अपना अमूल्य योगदान देने के लिए आभार प्रकट किया एवं आगे भी मंदिर के विकास कार्यों में सहयोग देने की अपील की।

### वाटरशेड के तहत जल संचयन



**नीमच।** जिले के जनपद पंचायत मनासा में तिलसोई नदी जो कि आमद से होकर ग्राम पंचायत चिकलीब्लॉक गुजरथ, गणेशपुरा, के गाँव से होकर गुजरती हुई गांधी सागर में मिलती है, वर्षा ऋतु में बहते हुए जल को रोकने और संचित करने के लिए प्रधानमंत्री कृषि योजना के माध्यम से जिले में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रयास किए जा रहे है। तिलसोई नदी के बहते हुए पानी को रोकने के लिए प्रधानमंत्री कृषि योजना 2.0 के तहत परियोजना क्रमांक 01 फुलपुरा में कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में वाटरशेड टीम द्वारा तिलसोई नदी को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया में सर्वप्रथम यह सुनिश्चित किया गया, कि आसपास के क्षेत्रों में जलभरण क्षमता बढ़ाई जाए। साथ ही पानी के वेग तथा मृदा के अपरदन को कम कर, भूजल स्तर में बढ़ोतरी की जाए। इस आशय की पूर्ति के लिए सर्वप्रथम कुंडालियां, दांता, भगौरी पंचायतों में लगभग 32 हेक्टेयर बंजर एवं ढाल युक्त भूमि में कंटूर ट्रैच का निर्माण किया गया। जिससे कि पानी के वेग तथा मिट्टी कटाव में कमी आई। कंटूर के आस पास वृक्षारोपण, बबूल एवं खेर इत्यादि के बीजों का छिड़काव किया गया। जिसके फलस्वरूप बंजर भूमि हरितिमा से आच्छादित हुई हैं।

# जीरन कॉलेज में एबीवीपी ने जड़ा ताला

- प्रभारी प्राचार्य को हटाने की मांग, प्राध्यापक से हाथापाई का आरोप



**नीमच। जिले के शासकीय महाविद्यालय जीरन में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कॉलेज के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर दी और प्रभारी प्राचार्य दीपा कुमावत को तत्काल पद से हटाने की मांग की। इस हंगामे के कारण दिन भर कॉलेज में शैक्षणिक कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा।**

यह विरोध प्रदर्शन शनिवार को कॉलेज में हुई एक घटना के बाद शुरू हुआ। शनिवार को एक जांच टीम की मौजूदगी में प्रभारी प्राचार्य दीपा कुमावत का एक अन्य प्राध्यापक के साथ तीखी बहस हुई थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। इस घटना का वीडियो और इसकी चर्चाएं पूरे नगर में तेजी से फैल गईं, जिससे छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में गहरा आक्रोश उत्पन्न हो गया।

सोमवार को कॉलेज खुलते ही क्ङ्कक्ककार्यकर्ता और छात्र मुख्य द्वार पर एकत्रित हो गए। उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए कॉलेज के गेट पर ताला लगा दिया। स्थिति में तनाव को देखते हुए जीरन पुलिस भी मौके पर पहुंची।

छात्र नेताओं ने इस दौरान कहा कि जिस संस्थान में शिक्षक ही मर्यादा भूल जाएं, वहां छात्र क्या सीखेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेज का माहौल पहले से ही तनावपूर्ण है। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रभारी प्राचार्य को नहीं हटाया गया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

मौके पर मौजूद अधिकारियों ने छात्रों को समझाइश दी और आश्वासन दिया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस आश्वासन के बाद छात्र शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त किया।




## अधिवक्ता की हत्या के विरोध में वकीलों की हड़ताल

- एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग तेज

**नीमच।** मध्यप्रदेश में अधिवक्ता की सरेआम गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से प्रदेशभर का वकील समुदाय आक्रोशित है। इसी घटना के विरोध में जिला अभिभाषक संघ, नीमच के आह्वान पर सोमवार को जिलेभर के अधिवक्ता न्यायालयीन कार्य से पूर्णत: विरत रहे। न्यायालय परिसर में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा और अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर तीखा विरोध दर्ज कराया। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष मनीष जोशी ने बताया कि 14 फरवरी को करेरा-शिवपुरी अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की दिनदहाड़े उस समय गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गई, जब वे वर्दी में न्यायालय जा रहे थे। इस जघन्य वारदात ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि जब न्याय दिलाने वाले ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। मध्यप्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर प्रदेशभर में अधिवक्ताओं ने न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन किया। नीमच में भी अधिवक्ताओं ने एक स्वर में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करने की मांग उठाई। उनका कहना है कि लंबे समय से अधिवक्ता सुरक्षा कानून की मांग कर रहे हैं, लेकिन शासन स्तर पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। अधिवक्ताओं ने यह भी याद दिलाया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वकीलों की महापंचायत में सुरक्षा कानून लागू करने का आश्वासन दिया गया था, किंतु वह अब तक अमल में नहीं आ सका। इससे वकील समुदाय में निराशा और असंतोष बढ़ा है। अधिवक्ताओं ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू नहीं किया गया तो उनका आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जब तक सुरक्षा की ठोस गारंटी नहीं दी जाती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

**एक नजर** ▶ एलेन इंदौर के विशेषज्ञों ने दिए प्रतियोगी परीक्षाओं के टिप्स

## शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए विशेष कार्यशाला

**नीमच।** जिले के शासकीय विद्यालयों की शिक्षा गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देश पर शिक्षा विभाग द्वारा टाउन हॉल में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का आयोजन प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान Allen Career Institute की इंदौर शाखा के सहयोग से किया गया, जिसमें जिलेभर के शासकीय स्कूलों के कक्षा 11वीं और 12वीं के फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स एवं बायोलॉजी विषय के शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की आधुनिक तैयारी पद्धतियों से अवगत कराना रहा, ताकि वे विद्यार्थियों को बेहतर दिशा-निर्देशन प्रदान कर सकें। विशेष रूप से IIT JEE, NEET ìíæ JEE Main जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं के नवीनतम पैटर्न, प्रश्नों के स्तर और तैयारी की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।



विशेषज्ञों ने बताया कि यदि प्रारंभिक स्तर से ही विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन और अभ्यास की दिशा मिल जाए तो ग्रामीण अंचल के छात्र भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एस.एम. मांगरिया ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है।

यदि शिक्षक स्वयं परीक्षा के नवीनतम स्वरूप, सिलेबस के बदलाव और प्रश्नों की प्रवृत्ति को भलीभांति समझेंगे, तो वे विद्यार्थियों को प्रभावी ढंग से तैयार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के शासकीय विद्यालयों से भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं आईआईटी और मेडिकल जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित हों, यही प्रशासन का लक्ष्य है। कार्यशाला में एलेन के अनुभवी शिक्षाविदों ने विषयवार गहन मार्गदर्शन प्रदान किया। रसायन शास्त्र के विशेषज्ञ सचिन दुबे ने कॉन्सेप्ट क्लैरिटी और ऑब्जेक्टिव प्रश्नों के विश्लेषण पर प्रकाश डाला।

### बायोलॉजी, गणित और फिजिक्स को सरल बनाने के दिए टिप्स

बायोलॉजी के डॉ. अविनाश पांडे ने एनसीईआरटी आधारित तैयारी की महत्ता बताई। गणित के जयशंकर शर्मा ने समय प्रबंधन और शॉर्ट ट्रिक्स पर जोर दिया, जबकि फिजिक्स के हरिओम त्यागी ने संख्यात्मक प्रश्नों को सरल विधि से हल करने के उपाय साझा किए। इस अवसर पर ज्ञानवर्धन श्रीवास्तव, निखिल पाटीदार एवं प्रणय उपाध्याय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल व्यास ने किया। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल न केवल शिक्षकों को सशक्त बनाएगी, बल्कि ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के द्वार भी खोलेगी। जिले में इस तरह की पहल भविष्य में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है।